Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 09 जनवरी, 2023

वित्तीय समावेशन पर G-20 समूह की पहली बैठक

वित्तीय समावेशन पर G-20 कार्यकारी समूह की **पहली बैठक 9 जनवरी से कोलकाता में शुरू हो रही है** । सभी **सदस्य देश**, **आमंत्रित देश** और विश्व बैंक , अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा **संयुक्त राष्ट्र** जैसे आमंत्रित संगठन इस बैठक में हिस्सा लेंगे। प्रारंभिक सत्र में चर्चा का**विषय वित्तीय समावेशन के लिये वैश्विक भागीदारी है।** वित्त मंत्रालय में वित्तीय कार्य विभाग के सलाहकार के अनुसार,**यह बैठक वित्तीय समावेशन के लिये डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे को सुलभ बनाने संबंधी चर्चा** के साथ आरंभ होगी। परिचर्चा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 12 वित्तीय विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें नवोन्मेषी वित्तीय उत्पादों से संबंधित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सत्र दिनांक 10 जनवरी को होगा। इसके अलावा इसमें छात्रों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने हेतु एक विशेष संगोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक के अन्य प्रमुख बिंदुओं के अंतर्गत**डिजिटल माध्यम से लेन-देन के बुनियादी ढाँचे को विकसित करने, इससे अधिक-सेअधिक लोगों को जोड़ने, विदेश भेजे जाने वाले धन पर प्रेषण शुल्क कम करने** तथा **मध्यम एवं लघु उद्यमियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बढ़ाने पर ज़ोर दिया जाना** शामिल है।

डार्क स्काई सेंचुरी

लद्दाख के हानले में निर्माणाधीन **दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली डार्क स्काई सेंचुरी** से पर्यटक करीब से खगोलीय नजारे देख सकेंगे। वर्तमान में**विश्व में मात्र 16 डार्क स्काई सेंचुरी** विद्यमान हैं और इनमें से **अधिकतर संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। डार्क स्काई सेंचुरी अंधेरी रात में तारे देखने के लिये संरक्षित क्षेत्र है।** लेह ज़िले के हानले में डार्क स्काई सेंचुरी पूरी घाटी में फैली है। तारों एवं ग्रहों को देखने के लिये **गामा और ऑप्टिकल टेलिस्कोप** लगाए गए हैं। यह कार्य विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय के **काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च** की देख-रेख में किया जा रहा है। चूँकि यह लेह से काफी दूर स्थित है, इसलिये यहाँ पर प्रदूषण न के बराबर है। हानले में रात घनी काली होती है। ऐसे में तारों का नजारा अद्भुत होता है। यहाँ डार्क स्काई सेंचुरी स्थापित होने से इंडियन एस्ट्रानमिकल आब्जर्वेटरी विश्व पटल पर आ जाएगी। इससे न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, अपितु तारों, आकाश गंगा, ग्रहों के बारे में बेहतर आँकड़े मिल सकेंगे, साथ ही पर्यटन क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

केरल द्वारा मनरेगा श्रमिकों को पेंशन

इस तरह की पहली पहल में केरल सरकार ने**मनरेगा/MGNREGS** और **अय्यंकाली शहरी रोज़गार गारंटी योजना** के लिये पंजीकृत श्रमिकों हेतु **कल्याण कोष बोर्ड** शुरू किया है। **60 वर्ष के होने पर उन्हें बोर्ड से मासिक पेंशन प्रदान** की जाएगी। मानक के अनुसार, कोई भी कार्यकर्त्ता (उम्र 18-55) निधि बोर्ड की सदस्यता ले सकता है। उन्हें **55 वर्ष की आयु तक मासिक प्रीमियम राशि (50 रुपए अस्थायी रूप से तय) का भुगतान** करना होगा और जिस सदस्य ने **कम-से-कम 10 वर्षों तक भुगतान** किया है, वह पेंशन के लिये पात्र होगा। श्रमिकों के मासिक योगदान के अलावा सरकार कोष के लिये एक समान योगदान भी देगी (जिसे त्रैमासिक रूप से संशोधित किया जा सकता है)।

और पढ़ें.. मनरेगा

सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा के लिये 'सहर्ष' योजना

सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये **त्रिपुरा राज्य सरकार** ने **"सहर्ष"** विशेष शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की। इसे अगस्त 2022 में 40 विद्यालयों में एक परीक्षण कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया था,**अब इसे सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिये उपलब्ध कराया जाएगा।** इसका उद्देश्य बच्चों को उल्लास एवं उत्साहपूर्वक पढ़ाई करने में सक्षम बनाना है।**प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक** के अनुसार, वर्तमान में **त्रिपुरा ग्रेड- I समूह के अंतर्गत आता है।**

और पढ़ें... प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक

जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने हाल ही में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का **पहला अग्रिम अनुमान (FAE)** जारी किया, इसके अनुसार **वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने की उम्मीद** है (MPC द्वारा अनुमानित 6.8% से अधिक)। **वित्त वर्ष 22-23 की**

पहली छमाही में अर्थव्यवस्था 9.7% बढ़ी, जिसके **दूसरी छमाही में 4.5% तक धीमी होने की संभावना** है। भारत अब भी दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। FAE पहली बार वर्ष 2016-17 में पेश किया गया था, ये पहले आधिकारिक अनुमान हैं कि उस वित्तीय वर्ष में GDP के किस प्रकार से बढ़ने की उम्मीद है। FAE आर्थिक गतिविधियों में अंतर्निहित गतिशीलता का आभास कराता है और आगामी **केंद्रीय बजट** के संदर्भ में उपयोगी होता है।

और पढ़ें... जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-january-2023